हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

सोमवार, 16 नवम्बर, 2026/25, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 7

आवास आबंटन

***3733 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में आवास आबंटन समिति की कुल कितनी बैठकें हुईं तथा कितने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को मैरिट के आधार पर आवास आंबटित किए गए; नाम सहित विभागवार ब्यौरा दें;

(ख) जिन विभागों/बोर्डों/ निगमों के पास अपने आवासीय पूल हैं तथा वे टूटने के कगार पर हैं; क्या सरकार उन्हें सामान्य पूल में सम्मिलित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें;

(ग) ऐसे कितने अधिकारी तथा कर्मचारी हैं जिन्होंने प्रदेश में दो अथवा दो से अधिक स्थानों पर सरकारी आवास आंबटित करवाए हैं; नाम व पदनाम सहित ब्यौरा दें; और

(घ) ऐसे कितने सेवानिवृत्त अधिकारी हैं,जिन्हें सरकार द्वारा सेवानिवृत्ति उपरान्त अन्य पदों पर पुनर्नियुक्तियां प्रदान की गई हैं परन्तु उनके द्वारा पूर्व में उनकी पात्रता अनुसार

आबंटित आवास को खाली नहीं किया गया है; नाम सहित ब्यौरा दें?

प्रशासनिक सुविधा

*3924 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.01.2026 तक मंत्रियों, विधायकों व हिमाचल प्रदेश सचिवालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों के वेतन, भत्तों, वाहन, आवास, यात्रा एवं अन्य प्रशासनिक सुविधाओं पर कुल कितना व्यय किया जा रहा है; ब्यौरा मदवार दें?

राज्य चयन आयोग

*4192 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राज्य चयन आयोग द्वारा प्रदेश में स्थापित परीक्षा केंद्रों की संख्या कितनी है तथा क्या उप-मण्डल स्तर पर भी परीक्षा केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) आयोग के पास लंबित मांग-पत्रों की संख्या कितनी है, जिनके पदों का विज्ञापन शेष है; पदवार ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि पूर्व कर्मचारी चयन आयोग के कुछ पोस्ट कोड्स की परीक्षाएं आयोजित नहीं हो सकीं; यदि हां, तो कितने अभ्यर्थियों का आवेदन शुल्क लंबित है, कुल राशि कितनी है तथा इसे कब तक लौटाया जाएगा; क्या आवेदन शुल्क में संशोधन का मामला विचाराधीन है; यदि हां, तो नई दरें कब तक लागू होंगी;

(घ) पटवारी के पदों हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा कितना शुल्क प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें;

(ङ) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2025 तक विभिन्न आयोगों/विभागों द्वारा जारी अधिसूचनाएं, आयोजित परीक्षाएं, घोषित परिणाम व नियुक्तियों का आयोगवार ब्यौरा दें;

(च) क्या आयोग द्वारा CBT परीक्षाओं हेतु किसी एजेंसी से एम0ओ0यू0 किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें;

(छ) इस अवधि में मंत्रिमण्डल द्वारा नियमों/अनुबंध आधार पर कुल कितने पद स्वीकृत किए गए तथा इन पदों में से कितने पद किस आयोग/एजेंसी के माध्यम से भरे गए; ब्यौरा आयोग एवं एजेंसीवार दें?

आवश्यक दवाइयां

***4305 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के सरकारी आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों, क्षेत्रीय अस्पतालों, नागरिक अस्पतालों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, जिसके कारण मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं; यदि हां, तो इन संस्थानों में आवश्यक दवाइयों की सूची के अनुसार उपलब्ध कराई जाने वाली दवाइयों में से वर्तमान में कितनी दवाइयां उपलब्ध व कितनी अनुपलब्ध हैं; ब्यौरा संस्थानवार एवं दवावार दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक दवाइयों की खरीद हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गई तथा कितनी धनराशि अव्ययित रही; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) दवाइयों की अनुपलब्धता के क्या कारण रहे तथा ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) सरकार सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों की सूची की 100 प्रतिशत उपलब्धता कब तक सुनिश्चित करेगी?

जाइका/के0एफ0डब्ल्यू0

***4376 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में विश्व बैंक, जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका) एवं के0एफ0डब्ल्यू0 के वित्तीय सहयोग से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं; यदि हां, तो इन वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से संचालित परियोजनाओं का विभागवार एवं परियोजनावार ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक परियोजना का नाम, उद्देश्य, संबंधित विभाग, कुल स्वीकृत लागत, केन्द्र सरकार/वित्तीय संस्था से प्राप्त ऋण अथवा अनुदान, राज्यांश तथा प्राप्त एवं व्यय की गई धनराशि का परियोजनावार ब्यौरा दें; और

(ग) इन परियोजनाओं के अंतर्गत जारी निविदाएं, स्वीकृत कार्यों एवं पूर्ण कार्यों की संख्या, निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, कार्य पूर्ण किए जाने की समय-सीमा, विलम्ब के कारण तथा कार्य आबंटित एजेंसियों/ठेकेदारों का परियोजनावार, जिलावार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

डिनोटिफाई

***4692 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में कितने सरकारी स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य संस्थान अथवा अन्य सरकारी संस्थान बंद, डिनोटिफाई व मर्ज या स्थानांतरित किए गए तथा इनमें से कितने संस्थान पुनः खोले गए तथा सरकार द्वारा संस्थानों को बंद अथवा मर्ज़ करने हेतु क्या मापदंड निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें?

रिक्त पद

***4696 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक प्रदेश के विभिन्न विभागों, बोर्डों एवं निगमों में पटवारी, पंचायत सचिव, क्लर्क , कंप्यूटर ऑपरेटर /डाटा एंट्री व स्टैनो के स्वीकृत, कार्यरत व रिक्त पदों का विभागवार एवं श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(ख) उपर्युक्त पदों हेतु एच0पी0पी0एस0सी0 तथा एच0पी0आर0सी0ए0 को भेजी एवं न भेजी गई अधियाचनाओं (रिक्विजिशन्ज) का पदवार एवं विभागवार ब्यौरा दें;

(ग) लंबे समय से रिक्त पदों को न भरने तथा अधियाचना प्रेषित न करने के विभागवार क्या कारण हैं;

(घ) इन पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू व पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा का विभागवार ब्यौरा दें;

(ङ) क्या सरकार इन लिपिकीय एवं राजस्व पदों को भरने हेतु विशेष भर्ती अभियान चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कार्य योजना क्या है; और

(च) दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक एक वर्ष या इससे अधिक रिक्त पदों वाले विभागों, रिक्तियों की अवधि तथा इससे जनसेवाओं पर पड़े प्रभाव का ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

11 नवम्बर, 2026. **सचिव**